एड. रवि व्यास

भाजपा चुनाव प्रमुख : 145, मिरा भाईंदर विधानसभा

जन्मतिथि :	07 सितंबर 1984	राष्ट्रीयता :	भारतीय
जन्म स्थान :	भाईंदर, महाराष्ट्र	शिक्षा :	बी.कॉम, एल.एल.बी.

पिता : श्री वासुदेव व्यास
माता : श्रीमती सुधा व्यास
व्यवसाय : अधिवक्ता/ कंसलटेंट

विशेष अनुभव

- जनसेवा
- कुशल वक्ता
- वकालत
- कानूनी जानकार
- नेतृत्वकर्ता
- मानव संसाधन प्रबंधन
- संकट प्रबंधन

भाषा ज्ञान

- हिंदी
- मराठी
- अंग्रेज़ी
- गुजराती

पता : B/603, रितुराज टॉवर, ओम साईं कॉम्प्लेक्स, शिव सेना गली, भाईंदर वेस्ट, ठाणे - 401101

संपर्क : 98928 15054

वेबसाइट: www.advravivyas.com

मेल आईडी : advravivyasbjp@gmail.com

परिचय

- सार्वजनिक जीवन में 21 वर्षों के अनुभव के साथ एड. रवि व्यास, मिरा भाईंदर शहर के निवासियों के लिए सदैव समर्पित रहे हैं। शिक्षित, युवा और मिलनसार स्वभाव के रवि व्यास पेशे से वकील हैं। उन्होंने वर्ष 2005 में हिंदुजा कॉलेज से बी.कॉम एवं मुम्बई विश्वविद्यालय से वर्ष 2008 में एल.एल.बी. की शिक्षा पूर्ण की है।
- विभिन्न पदों पर अपने कार्यकाल में उन्होंने मिरा भाईंदर शहर में भाजपा को सशक्त बनाने और व्यवस्था सुधार हेतु अथक प्रयास किए। इस दौरान उन्होंने मिरा भाईंदर महानगर पालिका में फैले भ्रष्टाचार, शहर के विभिन्न मुद्दों, सरकारी लाइब्रेरी की बदहाल हालत, सड़क, सीवरेज, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोज़गार,पीने के पानी, जलभराव आदि विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर जनता की आवाज को बुलंद किया।

सामाजिक सेवा

- एड. रवि व्यास ने अपने जनसेवा के कार्यों को गति प्रदान करने के लिए वर्ष 2011 में नरसिम्हा चेरिटेबल ट्रस्ट गठित किया, जिसके वे वर्तमान में अध्यक्ष भी हैं। ट्रस्ट के द्वारा मिरा भाईंदर विधानसभा में जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सुविधाएं प्रदान करने, चिकित्सा शिविरों का आयोजन, असहायों को भोजन सामग्री एवं वस्त्र वितरण, सामान्य नागरिकों को क़ानूनी मदद दिलवाने, न्याय के लिए लड़ने में सहायता सहित विविध सेवाकार्य किए जाते हैं।
- एड. रवि व्यास, सनातन संस्कृति से गहरा जुड़ाव रखते हैं। उनके द्वारा विधानसभा वासियों के लिए दही हांडी, गणेश उत्सव, नवरात्रि उत्सव, छठ पूजा मिलन एवं अन्य धार्मिक समारोह आयोजित करवाये जाते हैं । मन्दिरों एवं धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भी उनके द्वारा समय समय पर आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता है।
- एड. रवि वासुदेव व्यास ने लव जिहाद और लैंड जिहाद के मुद्दे पर भी शहर में बड़ा प्रदर्शन किया और इस विषय पर सरकार का ध्यानाकर्षण किया। साथ ही झोपड़पट्टी में रहने वाले लाखों लोगों को पक्के घर बनाने हेतु भी उन्होंने अधिकारियों से पत्र व्यवहार किया और इसके लिए अनेक प्रयास किए। उन्होंने CRZ, Redevelopment, Deemed Conveyance विषयों पर लोगों की सहायता और मार्गदर्शन किया।

राजनीतिक यात्रा

- **वर्ष 2005:** हिंदुजा कॉलेज से शिक्षा प्राप्त करते हुए छात्रों का नेतृत्व किया और छात्रसंघ की राजनीति से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की।
- **वर्ष 2007:** शिवसेना गली वार्ड (महिला आरक्षित वार्ड) से रवि व्यास की माताजी श्रीमती सुधा व्यास जी ने तत्कालीन कॉर्पोरेटर एवं वर्तमान आमदार गीता जैन को हराया। उनकी विजय में रवि व्यास की मुख्य भूमिका रही।
- **वर्ष 2012:** भाईंदर वेस्ट से कॉर्पोरेटर बने एवं अपने विरोधी कैंडिडेट पर एकतरफा जीत दर्ज की।
- **वर्ष 2014:** फरवरी 2014 में श्री गोपीनाथ मुंडे, श्री देवेंद्र फडणवीस, श्री विनोद तावड़े के हाथों से मुंबई में भारतीय जनता पार्टी में पक्ष प्रवेश किया। उस समय मिरा भाईंदर में भाजपा विरोधी पक्ष की भूमिका में थी और आमदार, खासदार एवं मेयर, एनसीपी (NCP) के थे और सत्ता पर उनकी मजबूत पकड़ थी, ऐसी विपरीत परिस्थितियों में भी भाजपा की सदस्यता लेने के बाद मजबूती से काम किया, जिससे वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एवं विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 145 मिरा भाईंदर विधानसभा से जीत दर्ज की। वर्ष 2015 में श्री हेमंत म्हात्रे की अध्यक्षता में भाजपा में जिला महामंत्री की जिम्मेदारी मिली, जिसे वर्ष 2021 तक निभाया।
- **वर्ष 2015:** भाजपा की सदस्यता लेने के बाद वार्ड में हुए उपचुनाव में एक बार फिर एकतरफा जीत दर्ज की। इस उपचुनाव में जीत के कारण ही मिरा भाईंदर में भाजपा को मेयर का पद मिला।
- **वर्ष 2017:** तीसरी बार जीतकर नगर सेवक का दायित्व संभाला।
- **वर्ष 2018:** मिरा भाईंदर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में सबसे युवा, स्टैंडिंग कमिटी के चेयरमैन बने।
- **वर्ष 2021-22:** मिरा भाईंदर - जिला भाजपा अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली। विपरीत परिस्थितियों में भी पार्टी को मज़बूती से सम्भाला एवं मजबूत संगठन का गठन किया।
- **वर्ष 2023:** 145, मिरा भाईंदर विधानसभा के चुनाव प्रमुख की जिम्मेदारी मिली।
- **वर्ष 2024:** भाजपा संगठन द्वारा 145, मिरा भाईंदर विधानसभा में प्रवास योजना प्रमुख की जिम्मेदारी मिली। आगामी विधानसभा चुनाव में कमल खिलाने के लिए मजबूती से संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं।